रजिस्टर्ड / ई–मेल

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,वन प्रभाग अम्बेडकरनगर

पत्रांक 1589 / 14–9,   दिनांक, अम्बेडकरनगर, 06-01- / 2018

सेवा में,

परियोजना निदेशक,
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण,
784–विष्णु नगर सत्यम हास्पिटल के सामने,
रायबरेली–229001, उ0प्र0

विषयः– राष्ट्रीय राजमार्ग सं0–232 के बाईपास निर्माण में प्रभावित संरक्षित वन भूमि के भूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी के कार्यालय को आन–लाइन करने के सम्बन्ध में।

संदर्भः– इस कार्यालय का पत्रांक–1568 / 14–9 दिनांक 02–01–2018 एवं प्रपोजल नं0–एफ0पी0 / यू0पी0 / रोड / 17505 / 2016

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उपरोक्त विषयक राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में टाण्डा–अकबरपुर मार्ग की बायीं पटरी पर स्थित संरक्षित वन भूमि तथा जफराबाद–अकबरपुर रेल पथ के किनारे ओवरब्रिज निर्माण से रेल पथ के किनारे स्थित संरक्षित वन भूमि भी प्रभावित हो रही है, उपरोक्त दोनों स्थानों पर प्रभावित होने वाली संरक्षित वन भूमि का आंकलन कराकर भूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव आन–लाइन मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ को भेजने हेतु अवगत कराया गया है।

आप द्वारा दिनांक 28–12–2017 को बाईपास निर्माण में फैजाबाद–आजमगढ़ मार्ग तथा जौनपुर–अकबरपुर मार्ग की प्रभावित होने वाली संरक्षित वन भूमि का ही भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है, जो अधूरा है। उपरोक्त राष्ट्रीय राजमार्ग–232 के बाईपास निर्माण में फैजाबाद–आजमगढ़ मार्ग, जौनपुर––अकबरपुर मार्ग, टाण्डा–अकबरपुर मार्ग तथा जफराबाद– अकबरपुर रेल पथ के किनारे की संरक्षित वन भूमि प्रभावित हो रही है। उपरोक्त बाई पास निर्माण में प्रभावित होने वाली सम्पूर्ण संरक्षित वन भूमि के भूमि हस्तान्तरण का एक ही प्रस्ताव मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ को आन–लाइन किया जाना है।

अतः आप राष्ट्रीय राजमार्ग–232 के बाईपास निर्माण में प्रभावित होने वाली सम्पूर्ण संरक्षित वन भूमि का आंकलन करवाकर भूमि हस्तान्तरण का एक ही प्रस्ताव तैयार करवाकर आन–लाइन मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ को भेजने का कष्ट करें।

भवदीय,

(गंगा प्रसाद)
प्रभागीय वनाधिकारी
वन प्रभाग अम्बेडकरनगर

पत्रांक / 14–9, दिनांकित।

प्रतिलिपि वन संरक्षक, सरयू वृत्त, उ0प्र0 फैजाबाद की सेवा में सेचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(गंगा प्रसाद)
प्रभागीय वनाधिकारी
वन-प्रभाग अम्बेडकरनगर